(ग) पिछले दो महीनों के दौरान कुल 240 (दो सौ चालीस) उग्रवादी मारे गए हैं ।

कश्मीर घाटी में उग्रवादियों द्वारा अपहृत विदेशी नागरिक

31. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले दो महीनों में कश्मीर घाटी में उग्रवादियों द्वारा कितने विदेशी नागरिकों का अपहरण किया गया ; और

(ख) इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री (एम०एम० जैकब) : (क) और (ख) 14 और 15 अक्तूबर, 1991 की मध्य रात्रि को एक फ्रांसीसी राष्ट्रिक, श्री एंटोनी सिलवा, जो कि डलहस्ती पन-विद्युत परियोजना में एक अभियन्ता थे, के लापता होने की सूचना मिली थी । उनकी कार एक दर्रे की तलहटी में चली हुई और टुकड़े-टुकड़े हुई पाई गई परन्तु उसका कुछ पता नहीं चला। बाद में 17-10-1991 को, जम्मू और कश्मीर के आतंकवादियों की एक शाखा "अल-फतह" ने उसके अपहरण की जिम्मेदारी ली है ।

असम में उग्रवादियों को बातचीत के लिए आमंत्रित करने के बारे में फार्मूला

32. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या केन्द्रीय सरकार ने असम के उग्रवादियों को बातचीत के लिए आमंत्रित करने के बारे में कोई फार्मुला तैयार किया है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : सरकार ने असम उग्रवादियों से बात करने के लिए कोई फार्मुला तैयार नहीं किया है । तथापि, असम सरकार द्वारा यूनइटिड लिबरेशन फ्रंट आफ असम (यु एल एफ ए) को बातचीत के लिए बुलाया गया था तथा उनसे भारत के संविधान को स्वीकार करने और हिंसा त्यागने को कहा गया था । उल्फा ने इस प्रस्ताव का सकारात्मक रूप से जवाब नहीं दिया । अखिल भारतीय बोडो युनियन (ए बी एस यु) असम सरकार के साथ बातचीत करती आ रही है, जिसमें केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि भी भाग लेते रहे हैं।

33. [Transferred to the 26th November, 1991]

Kaadla-Bhatinda Pipeline Project

34. KUMARI CHANDRIKA PREMJI KENIA: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) what are the details of the progress made in the construction oi Kandla-Bhatinda pipeline Project and its present cost;

(b) whether the work has beer allotted to any company; if so, what are the details thereof; and

(c) what are the likely dates of commissioning of this project?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B SHANKRANAND): (a) Basic desigi and engineering has been completed